भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या 159
गुरुवार, 2 फरवरी, 2023/ 13 माघ, 1944 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

हीरासर में ग्रीनफील्ड विमानपत्तन

159. श्री मोहनभाई कुंडरिया:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजकोट जिले के हीरासर में ग्रीनफील्ड विमानपत्तन को वर्ष 2022 तक आरंभ किए जाने का प्रस्ताव था,

(ख) यदि हां, तो उक्त परियोजना की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है,

(ग) यदि नहीं, तो अत्यधिक विलंब के क्या कारण हैं; और

(घ) इस परियोजना को यथाशीघ्र पूरा करने के लिए क्या कार्य-योजना बनाई जा रही है और इसके कब तक पूरा हो जाने की संभावना है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डा.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क) से (घ) : भारत सरकार ने अक्टूबर, 2017 में राजकोट जिले के हीरासर में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे की स्थापना हेतु, गुजरात सरकार को 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान किया था। हीरासर, राजकोट में नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के विकास के उद्देश्य से गुजरात सरकार और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए थे। भाविप्रा ने 1405 करोड़ रुपये की प्रस्तावित लागत से हवाईअड्डे का निर्माण कार्य आरंभ किया है।

हवाईअड्डे का निर्माण कार्य उन्नत अवस्था में है और अंतरिम टर्मिनल भवन के साथ हीरासर हवाईअड्डा परियोजना का कार्य पूर्ण होने की संभाव्य तिथि (पीडीसी) अप्रैल, 2023 है।

****